हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, मई 1, 2024

12 एसपी ने अधिकारियों को बैठक में दिए जरूरी निर्देश



11 चुनाव खर्च पर्यवेक्षक ने ली राजनीतिक दलों की बैठक



## खबर संक्षेप

### टिकट मिलने के बाद सैलजा पहुंची फतेहाबाद

**फतेहाबाद।** लोकसभा चुनाव में सिरसा संसदीय सीट पर कांग्रेस पार्टी की टिकट मिलने के बाद कुमारी सैलजा ने पहली बार फतेहाबाद जिले में प्रवेश किया। कुमारी सैलजा ने मंगलवार सुबह गांव गिलांखेड़ा से चुनाव कैम्पेन की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने फतेहाबाद शहर में रोड शो किया। फतेहाबाद के बाद रतिया, टोहाना व नरवाना में भी सैलजा ने अपनी ताकत दिखाई। आज के रोड शो में खास बात यह दिखी कि कांग्रेस पार्टी के सभी गुट एकजुट होकर सैलजा के साथ खुली जीप में सवार थे। सैलजा के रोड शो को लेकर आम पब्लिक में भी कांग्रेस के प्रति एक नया क्रेज-सा दिखा।

### अनिल ज्याणी ने दिया शैलजा को समर्थन

**फतेहाबाद।** प्रमुख समाजसेवी एवं स्वास्तिक एनजीओ के अध्यक्ष अनिल ज्याणी ने सिरसा संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी कुमारी सैलजा को समर्थन देने की घोषणा की है। अनिल ज्याणी ने अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ कुमारी सैलजा द्वारा फतेहाबाद में निकाले गए रोड शो का रतिया मोड पर एमएम कॉलेज के समीप भव्य स्वागत किया और उनकी रिकार्ड मतों से जीत का दावा किया। अनिल ज्याणी ने कहा कि आज केन्द्र की भाजपा सरकार से देश का हर वर्ग दुःखी है।

### थाना रोड पार्किंग के बाहर सैलजा का स्वागत

**फतेहाबाद।** सिरसा संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा द्वारा शहर में निकाले गए रोड शो का जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। फतेहाबाद के प्रमुख थाना रोड पर स्थित स्व. विरेन्द्र नारंग मैमोरियल पार्किंग के बाहर युवा समाजसेवी पियुष नारंग के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। यहां पहुंचने पर कुमारी सैलजा ने सबसे पहले नगरपरिषद फतेहाबाद के पूर्व प्रधान स्व. विरेन्द्र नारंग को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके द्वारा फतेहाबाद शहर के विकास के लिए किए गए कामों को याद किया। पियुष नारंग ने कहा कि फतेहाबाद का एक-एक युवा आज कांग्रेस के साथ खड़ा है।

### जेजेपी प्रत्याशी ने फतेहाबाद में किया जनसम्पर्क

**फतेहाबाद।** जननायक जनता पार्टी के सिरसा लोकसभा से उम्मीदवार रमेश खटक ने फतेहाबाद में अपने प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। जेजेपी नेताओं ने आज जिले के दर्जनभर गांवों का दौरा कर जेजेपी के पक्ष में मतदान की अपील की। जनसम्पर्क अभियान में रमेश खटक के साथ जेजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कुलजीत कुलड़िया, जिलाध्यक्ष रविन्द्र बैनीवाल, रतिया हलका प्रधान राकेश सिहाग, फतेहाबाद हलका प्रधान सुभाष गोरछिया, युवा नेता पंकज झाझड़ा, युवा जिलाध्यक्ष मोहित खीचड़, हनुमान सोनी सहित अनेक जेजेपी नेता रहे।

# फतेहाबाद का 86.27 प्रतिशत रहा रिजल्ट, 7179 पास तो 171 हुए फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी मंगलवार को घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में फतेहाबाद जिले का परिणाम 86.27 प्रतिशत रहा। जिले में कुल 8322 विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा दी थी, जिसमें 7179 विद्यार्थी पास हुए, 972 विद्यार्थियों की कम्पार्टमेंट आई जबकि 171 विद्यार्थी फेल हुए। हरियाणा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धांगड़ के विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। 12वीं के परिणाम में स्कूल के सभी विद्यार्थी पास हुए और रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। स्कूल की छात्रा रेखा रानी ने 500 में से 471 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया वहीं रिन्कू 470 अंक लेकर दूसरे व खुशबू 463 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। स्कूल के 31 बच्चों ने बोर्ड मैरिट हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस शानदार परिणाम पर स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. शारदा बिश्नोई ने विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई दी और कहा कि स्कूल के परिणाम को सुधारने में स्कूल के सभी अध्यापकों का विशेष योगदान रहा है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र है। उन्होंने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### धांगड़ के सरकारी स्कूल का शत प्रतिशत रहा परिणाम, रेखा रही प्रथम



फतेहाबाद। पीएम श्री राजकीय व.मा. विद्यालय धांगड़ में अव्वल रही छात्राओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### शांति निकेतन स्कूल ढिंगसरा में 488 अंक लेकर प्रथम रही किरण

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने आज कक्षा बाहरवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है, जिसमें शांति निकेतन सीनियर सैकेंडरी स्कूल, ढिंगसराके विद्यार्थी इस वर्ष भी जिला भर में अव्वल रहे। प्रधानाचार्य रण सिंह जी रेपस्वाल ने बताया कि कला संकाय में किरण 488 अंक, मधु 485 अंक, रवीना 482 अंक प्राप्त कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही। इसी तरह से वाणिज्य संकाय में नीतू 485 अंक प्राप्त कर प्रथम, किरण 480 अंक प्राप्त कर द्वितीय व कशिश जांगड़ा ने 467 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विज्ञान संकाय में मनीषा 458 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, खुशबू 454 अंक प्राप्त कर द्वितीय व उर्वशी ने 442 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने पर बच्चों को मिठाई खिलाकर उनके बेहतरीन प्रदर्शन की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष कराने के लिए अलर्ट मोड पर प्रशासन

# निर्वाचन अधिकारी ने किया मतगणना केंद्र व ईवीएम स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण

मतगणना केंद्र और ईवीएम स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** टोहाना में ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते एआरओ एवं एसडीएम। *फोटो : हरिभूमि*

लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शिता से संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग व हरियाणा निर्वाचन आयोग के निर्धारित हिदायतों अनुसार मंगलवार को उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने भोडिया खेड़ा कॉलेज में बनाये गये मतगणना केंद्र और ईवीएम स्ट्रॉग रूम का औचक निरीक्षण किया और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एआरओ को निर्देश दिये कि मतगणना के दिन राउंड वाइज रिपोर्ट बारे अपडेट रहे। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी अपनी-अपनी डयूटी को ईमानदारी और निष्पक्षता से करें। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया गया है। कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर चुनाव से संबंधित शिकायत कर सकता है। उन्होंने निर्देश दिये कि लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति पर तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने जिला के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करें और इस बारे आमजन मानस को भी जागरूक करें। मतदान हर पात्र का लोकतांत्रिक अधिकार है। अगर कोई व्यक्ति आपको वोट के लिए किसी प्रकार का प्रलोभन देता है तो उसकी भी सूचना जिला प्रशासन को करें ताकि उसके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जा सके। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को लेकर 1950 नंबर पर शिकायत की जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी सरकारी व अर्ध सरकारी एवं निजी संपत्ति पर किसी प्रकार का कोई भी राजनीतिक संदेश, होर्डिंग्ज, पोस्टर, वॉल पेंटिंग आदि नहीं लगाई जा सकती है। दी हरियाणा प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट 1989, संशोधित अधिनियम 1996 के अनुसार ऐसा करना अपराध है।

### एआरओ एवं एसडीएम ने ईवीएम स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**टोहाना।** टोहाना विधानसभा के एआरओ एवं एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने लघु सचिवालय टोहाना में बनाये गये ईवीएम स्ट्रॉंग रूम का निरीक्षण किया। एसडीएम ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में लगाये गये सीसीटीवी केमरों की चेकिंग की और अधिकारियों को निर्देश दिये कि हर समय की रिकॉर्डिंग होनी चाहिए। इसमें किसी प्रकार का व्यवधान नहीं होना चाहिए। एसडीएम ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र सिरसा के लिए नामांकन की प्रस्रि5या शुरू हो चुकी है। रिर्टनिंग अधिकारी एवं सिरसा के उपायुक्त के समक्ष इच्छुक व्यक्ति 6 मई तक अपना आवेदन दे सकते है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में 25 मई को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक पोलिंग करवाई जाएगी और 4 जून को मतगणना होगी। उन्होंने कहा कि 24 मई को लघु सचिवालय टोहाना से पोलिंग पार्टियों को ईवीएम और दूसरे चुनाव सामग्री देकर रवाना किया जाएगा। 25 मई को मतदान के बाद सभी पोलिंग पार्टी अपनी अपनी ईवीएम चौ. मनीराम गोदारा महिला महाविद्यालय भोड़ियाखेड़ा में बनाए गए स्ट्रॉंग रूम में जमा करवायेगी। उन्होंने कहा कि मतगणना इसी कॉलेज में करवाई जाएगी। गौरतलब है कि लघु सचिवालय टोहाना के प्रथम तल पर ईवीएम और वीवीपेट मशीन रखने के लिए स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जिला मुख्यालय फतेहाबाद से ईवीएम और वीवीपैट मशीन टोहाना लाकर इसी स्ट्रांग रूम में रखी जायेगी। यही से पोलिंग पार्टियों की 24 मई को फाइनल रिहर्सल में उन्हें चुनाव करवाने की सामग्री देकर रवाना किया जाएगा।

# युवक ने जहरीले पदार्थ का किया सेवन, मौत

- पशुपालक के यहा नौकरी करके गुजारा करता था मृतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

रतिया क्षेत्र के गांव प्लाटा में एक मजदूर ने गुरुघर के पास जहरीली दवा खाकर अपनी जान दे दी। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। मृतक के परिवार में कोई नहीं है। वह यहां एक पशुपालक के यहां नौकरी कर रहा था। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार यूपी निवासी 35 वर्षीय राजू नाम का एक शख्स गांव प्लाटा में हरवेल सिंह के घर पर पशु संभालने का काम करता था। वह काफी समय से यहीं गांव में रह रहा था। उसके किसी भी रिश्तेदार का अता पता नहीं है। बताया जा रहा है कि रोजाना वह गांव के गुरुघर भी जाता था। आज उसने गुरु घर के पास कोई जहरीली दवा खा ली। इससे उसकी हालत बिगड़ गई और बाद में उसने दम तोड़ दिया। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखा है। उसके परिजनों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस छानबीन कर रही है कि राजू ने आखिर आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया है।

# बस से उतरते समय महिला की गिरने से मौत

- प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि चालक की लापरवाही से हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नागरिक अस्पताल के सामने मंगलवार को एक महिला बस से उतरते समय गिर गई जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव चौटाला निवासी गुड्डी देवी पत्नी रमेश कुमार एक अन्य महिला के साथ चौटाला से बस में सवार होकर सिरसा बस स्टैंड आई थी। यहां से दोनों नागरिक अस्पताल जाने के लिए ऐलनाबाद जाने वाली एक प्राइवेट बस में सवार हो गई। नागरिक अस्पताल के सामने जब गुड्डी देवी बस से उतरने लगी तो चालक ने एकदम बस चला दी जिससे वह नीचे गिर गई और उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। उसे तुरंत अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और परिजनों के पवन दर्ज किए हैं। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ है।

# मतदाताओं को आदर्श आचार संहिता उल्लंघन रोकने में सक्षम बनाता है सी-विजिल एप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भारत निर्वाचन आयोग का सी-विजिल एप देश के सभी मतदाताओं को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन रोकने में सक्षम बनाता है। देश का कोई भी नागरिक कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हुआ देखे तो उससे संबंधित फोटो, वीडियो, ऑडियो व अन्य साक्ष्य इस पर अपलोड कर भारत निर्वाचन आयोग की मदद कर सकता है। एंड्रॉइड यूजर गूगल प्ले स्टोर और एप्पल यूजर एप स्टोर से इस एप को डाउनलोड कर सकते हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने जिला के नागरिकों से आह्वान किया कि वे लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में भारत निर्वाचन आयोग का निस्वार्थभाव से सहयोग करें। भारत निर्वाचन आयोग सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों की सत्यता की परख कर संबंधित पर कार्रवाई सुनिश्चित करता है। यह एप देश के सभी नागरिक को निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में मदद का अवसर देता है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि सी-विजिल एप के माध्यम से आमजन हथियारों का प्रदर्शन, शराब या नशा वितरण, धन वितरण, संपत्ति विरूपण, फर्जी समाचार सांप्रदायिक घृणा भाषण, मुफ्त वितरण, धमकी देना, मुफ्त परिवहन, पेड न्यूज से संबंधित शिकायत दर्ज करवाकर भारत निर्वाचन आयोग व प्रशासन की मदद कर सकते हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे भारत निर्वाचन आयोग व जिला प्रशासन की तीसरी आंख बनकर कार्य करते हुए मदद करें। एप का सॉफ्टवेयर शिकायतकर्ता की पहचान, सुरक्षा व निजता को गोपनीय रखता है। सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायत के 100 मिनट के भीतर स्टेटस रिपोर्ट प्राप्त होती है।

# किराना दुकान से हजारों की नकदी ले गए चोर

- घटना सीसीटीवी में हुई कैद, पुलिस कर रही जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल



**जाखल।** दुकान में चोरी करते कैमरे में कैद युवक। *फोटो : हरिभूमि*

कुलां के भूना रोड पर स्थित एक किराना दुकान से एक व्यक्ति दिनदहाडे. दुकान के गल्ले में रखी करीब 8 हजार रुपए नकदी चोरी कर रफूचक्कर हो गया। चोरी की घटना का पता चलने पर दुकान मालिक में खलबली मच गई। चोरी की ये वारदात पास की एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जबकि अभी तक चोर की पहचान नहीं हो पाई है। पीड़ित दुकानदार ने इसकी शिकायत चौकी पुलिस को देकर कार्यवाही करने की मांग की है। शिकायत के बाद पुलिस चोर की तलाश में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार गांव धारसूल निवासी शंकर लाल कुलां में भूना रोड पर किरयाणे की दुकान करता है। शिकायत में बताया गया है कि दुकानदार की तबीयत खराब होने के चलते सोमवार शाम को वो अपनी दुकान के बाहर कुर्सी मेज पर लेटा था। उसी दौरान उसकी आंख लग गई और वह सो गया। आंख खुलने पर जब वह दुकान में आया तो देखा की दुकान के काउंटर का गल्ला खुला हुआ था। इस पर उसने जांच की तो गल्ले में रखी 8 हजार रुपए नकदी गायब थी। इसके बाद दुकान मालिक ने पास में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला तो उसमें एक व्यक्ति चोरी करता साफ दिखाई दे रहा हैं। घटना शाम करीब सवा 5 बजे की है। दुकान मालिक को दुकान के बाहर सोया हुआ देखकर चोर दुकान के अंदर घुसा। उसके दुकान में घुसने की भनक आसपास किसी को नहीं लग पाई।

# शॉर्ट सर्किट के कारण चलती कार में लगी आग, मौके पर मचा हड़कंप

- फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने तत्परता से पहुंच कर आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



अनाज मंडी में फायर ब्रिगेड के कार्यालय के सामने मंगलवार दोपहर को शॉर्ट सर्किट के कारण एक चलती गाड़ी में अचानक आग लग गई। गाड़ी से धुआं उठता देख गाड़ी के चालक ने बाहर कूद कर अपनी जान बचाई। मौके पर मौजूद फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने जब गाड़ी में आग लगती देखी तो उन्होंने तत्परता दिखाते हुए फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बाहर निकाला और गाड़ी की सहायता से आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड कर्मियों की तत्परता के कारण गाड़ी आग लगने से बच गई। मिली जानकारी के अनुसार अनाज मंडी क्षेत्र से दोपहर को एक गाड़ी गुजर रही थी जैसे ही गाड़ी फायर ब्रिगेड के कार्यालय के सामने पहुंची तो गाड़ी चालक ने अचानक गाड़ी के इंजन से धुआं निकलता हुआ देखा। कुछ ही समय में वह धुआं आग में बदल गया और आग गाड़ी के अंदर तक पहुंच गई। इसको देखते हुए गाड़ी चालक ने तुरंत दरवाजा खोल कर छलांग लगा दी। बताया गया है कि फायर ब्रिगेड के गेट पर ही जैसे कर्मचारियों ने उक्त दृश्य को देखा तो उन्होंने तुरंत तत्परता दिखाते हुए फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बाहर निकाला और गाड़ी की सहायता से आग पर पानी डालकर आग पर काबू पाया जिससे गाड़ी पूरी तरह जलने से बच गई।

### बड़े वाहनों की आवाजाही से गली का सीवरेज ढक्कन टूटा, हादसे का डर

# रिहायशी गली में चल रही फैक्ट्री बनी परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** अशोक नगर में बड़े वाहनों के कारण टूटे सीवरेज के ढक्कन।

अशोक नगर की रिहायशी गली नंबर 3 में नियमों को ताक पर रखकर चलाई जा रही फैक्ट्री गलीवासियों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। फैक्ट्री के चलते उक्त गली में रोजाना बड़े वाहन घंटों तक गली को रोके रखते हैं, जिससे गली का रास्ता भी बंद रहता है और लोगों को आने जाने में भी बड़ी परेशानी होती है। इतना ही नहीं, इस गली में फैक्ट्री के कारण बड़े वाहनों की आवाजाही के चलते सीवरेज के मेन होल के ढक्कन भी टूट जाते हैं। हाल ही में उक्त गली में फैक्ट्री के पास सीवरेज मेल होल का यह ढक्कन टूट गया, जो बड़े हादसे को न्यौता दे रहा। इस गली में काफी बच्चे शाम के समय दौड़ते खेलते हैं, अगर कोई बच्चा इस खुले सीवर में गिर जाए तो इसका जवाबदेही किसकी होगी। फैक्ट्री वालों ने इस सीवरेज में लकड़ी के टुकड़े फंसाकर चलता काम कर दिया, लेकिन विभाग के नुक्सान के साथ साथ गलीवासियों को लगातार हो रही परेशान का समाधान कौन करेगा। फैक्ट्री के साथ लगते बिजली के पोल से भी कई बार छेड़छाड़ की जाने की शिकायत भी मिली है। लोगों का कहना है कि फैक्ट्री की बड़ी बड़ी मशीनें चलाने के लिए बिजली के पोल में बड़ी बड़ी तारें जोड़ने की कोशिश की जाती, जिस कारण रात के समय अचानक से स्पार्किंग हो जाती है और कई घरों की लाईट चली जाती है। इस संदर्भ में गलीवासियों ने कई बार संबंधित विभाग को शिकायत दी है। गलीवासियों ने मीडिया के माध्यम से प्रशासन से अपील की है कि गलीवासियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त फैक्ट्री को यहां से हटवाकर इंडस्ट्रीयल ऐरिया में शिफ्ट करवाया जाए।



# डेब्यू के बाद भी जिम्मी शेरगिल को घर से मांगने पड़ते थे पैसे

**मुंबई।** जिम्मी शेरगिल ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत माचिस फिल्म से की थी। हालांकि उन्होंने फिल्म में छोटा सा किरदार निभाया था, बावजूद इसके उन्हें पहचान मिली थी। लेकिन उतना पैसा नहीं मिला था, जिससे वो मुंबई में आसानी से सरवाइव कर पाते। जिम्मी ने बताया कि उनकी स्थिति कब और कैसे सुधरी थी। जिम्मी ने बताया कि बॉलीवुड में पहचान बनाने की उनकी राह आसान नहीं थी। उन्हें कई साल लग गए थे। इस बीच गुजारा करने के लिए उन्हें अपने घर से पैसे मंगवाने पड़ते थे। इसके लिए वो बेहद शुक्रगुजार भी हैं. जिम्मी ने बताया कि बावजूद इसके उन्होंने कभी घर वापस जाने की नहीं सोची।

लाइफ Style

# हिना

## जल्द गिप्पी ग्रेवाल संग आएंगी नजर

टीवी पर आदर्श बहू का किरदार निभाकर अलग पहचान बना चुकीं हिना खान यूं तो एक्टिंग की दुनिया में खूब नाम कमा चुकी हैं, टीवी के बाद वह एक फिल्म में भी नजर आ चुकी हैं। इन दिनों वह अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हिना खान सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं।अपनी फैंस के साथ वह सोशल मीडिया के जरिए जुड़ी रहती हैं और अपना हर अपडेट उनके साथ शेयर करती हैं। इन दिनों हिना खान अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं। इसी प्रोजेक्ट से उन्होंने एक फोटो शेयर की है।

पहली पोस्ट में एक क्रॉस ओवर ब्रिज पर एक पुलिस वैन दिखाई दे रही है। जिस पर रात 12:43 का समय दिखाया गया है। जिसमें 'बिहाइंड द सीन्स' है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने दूसरी पोस्ट शेयर की है, जिसमें उनके माथे पर चोट लगी दिखाई दे रही है। इन फोटोज को शेयर करते हुए हिना खान ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'क्या आप मेरी चोट देख रहे हैं खैर, ये असली नहीं है।' इसके बाद हिना ने सभी को शुभ रात्रि कहने से पहले ऐसा दिखने के लिए अपने मेकअप आर्टिस्ट सचिन की तारीफ की है।

हिना ने प्रोजेक्ट के बारे में और कोई जानकारी शेयर नहीं की है। जल्द एक्ट्रेस गिप्पी ग्रेवाल और शिंदा ग्रेवाल के साथ पंजाबी फिल्म 'शिंदा शिंदा नो पापा' में नजर आने वाली हैं।



हॉलीवुड मसाला




# 'एवेंजर्स' की शूटिंग अगले साल

**मुंबई।** अगर आप हॉलीवुड फिल्मों के शौकीन हैं तो आपने एवेंजर्स फिल्म सीरीज जरूर देखी होगी. इस फिल्म को फैंस खूब पसंद करते हैं। साल 2019 में इस सीरीज की पिछली फिल्म आई थी। इसके बाद से ही सभी को इस सीरीज की अगली फिल्म का इंतजार है। अब इसे लेकर धीरे-धीरे डिटेल्स आने लग गई हैं। एवेंजर्स एंडगेम के बाद कहानी के प्लॉट में काफी बदलाव किया जा रहा है।रिपोर्ट्स की मानें तो इस बार सुपरहीरोज की टीम ज्यादा बड़ी नहीं होगी और लिमिटेड स्टार्स ही अगली फिल्म की कास्ट में शामिल होंगे।



# बीबर ने कोचेला में परफॉर्मेंस के बाद शेयर की रोते हुए फोटो...

**मुंबई।** जस्टिन बीबर की इंडिया में भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उन्होंने हाल ही में कोचेला में परफॉर्म किया, जिसकी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसी के साथ उन्होंने अपनी रोती हुई फोटोज भी पोस्ट कीं, जिन्हें देखकर फैंस शॉक्ड रह गए। हर कोई पूछ रहा है कि आखिर जस्टिन को हुआ क्या है? उन्होंने कोचेला की भीड़ को तब हैरान दिया, जब वो एक गाने के लिए टेम्स के साथ स्टेज पर पहुंचे। उनकी परफॉर्मेंस ने सबका दिल जीत लिया। इसके बाद जस्टिन ने अपनी कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कीं, लेकिन दो तस्वीरों में उनकी आंखों में आंसू देखकर फैंस हैरान रह गए। 30 साल के जस्टिन बीबर की जिंदगी रोलर-कोस्टर की तरह रही है। उन्होंने कई अप्स एंड डाउन देखे। उन्हें 'रामसे हंट सिंड्रोम' नाम की बीमारी हो गई, जिसकी वजह से उनके आधे चेहरे पर पैरालिसिस हो गया था।



# कल्कि 2898... की तुलना हॉलीवुड मूवी से

**मुंबई।** साउथ के फेमस स्टार प्रभास की अपकमिंग मूवी 'कल्कि 2898 एडी' लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। ये फिल्म पहले 9 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे आगे खिसकाकर 27 जून कर दिया गया है। इस बीच कुछ यूजर्स ने दावा किया कि ये फिल्म हॉलीवुड मूवी 'ड्यून' से मिलती-जुलती लग रही है। अब इस पर डायरेक्टर नाग अश्विन ने जवाब दिया है। हैदराबाद में वीएफएक्स समिट में नाग अश्विन से पूछा गया कि उनकी आने वाली फिल्म 'ड्यून' जैसी क्यों दिखती है और क्या उन दोनों में कोई समानता है? इसके जवाब में उन्होंने कहा, यह रेत के कारण है। उन्होंने देखा कि फिल्म में रेत है, नहीं? बेसिकली, जब भी रेत होगी, यह ड्यून की तरह दिखेगी।'अमेरिकन साइंस फिक्शन मूवी 'ड्यून' का पहला पार्ट साल 2021 में आया था।



# राजकुमार हुए भेदभाव के शिकार...

**मुंबई।** राजकुमार राव आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। एक्टर ने अपनी मेहनत से पहचान बनाई है, लेकिन उनकी ये राह आसान नहीं थी। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्हें भेदभाव सहना पड़ा, कई बार फिल्मों से बिना वजह रिप्लेस किए गए। अपने अब तक के पूरे करियर में उन्होंने इंडस्ट्री के कई रंग देखे हैं। राजकुमार जल्दी ही दिव्यांग बिजनेसमैन श्रीकांत बोला की बायोपिक फिल्म 'श्रीकांत' में नजर आने वाले हैं। जैसे फिल्म की टैगलाइन में कहा गया है कि 'आ रहा है सबकी आंखें खोलने' वैसे ही राजकुमार ने बताया कि कैसे इंडस्ट्री में उनकी आंखें खुलती गई हैं। एक्टर बोले- शुरुआत में मुझे कई फिल्म्स में से रिप्लेस किया गया था, क्योंकि कुछ बड़े एक्टर्स उन फिल्मों को करना चाहते थे। मुझे लगा था वाह सच में यहां ऐसा होता है।

टीवी मसाला

# पर्दे पर वापसी को तैयार हैं 'चकोर'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस मीरा देओस्थले को 'चकोर'से घर-घर में पहचान मिली थी। इस सीरियल से खूब लोकप्रियता हासिल करने वाली एक्ट्रेस मीरा देओस्थले ने साल 2014 में सीरियल 'ससुराल सिमर का' डेब्यू किया था।



इस सीरियल में वह सपोर्टिंग रोल में नजर आई थीं। उसके बाद वह 'जिंदगी विन्स और 'दिल्ली वाली ठाकुर गर्ल्स जैसे सीरियल्स का हिस्सा रही थीं। इन दिनों मीरा टीवी शो 'कुछ रीत जगत की ऐसी हैं, में नंदिनी की भूमिका में नजर आ रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इस सीरियल में काम करने और मैरिज इंस्टिट्यूशन पर अपनी राय पेश की। वह कहती हैं कि शादी एक खूबसूरत बंधन के साथ -साथ बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मीरा ने कहा, 'मुझे लगता है कि शादी एक खूबसूरत मिलन है और एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। एक नए परिवार में आते ही एक महिला का जीवन बदल जाता है। मेरे किरदार नंदिनी के लिए, रतन्शी परिवार का हिस्सा होने का उत्साह बहुत अधिक है, लेकिन इसके पीछे असहज तनाव छिपा हुआ है। उन्होंने आगे कहा, 'नरेन के पिता हेमराज एक चेतावनी देते हैं, और रौनक की छिपी हुई हरकतें भ्रम को बढ़ा देती हैं।

# टेंशन फ्री रहने के लिए डांस का सहारा लेती हैं 'अंगूरी भाभी'...

**नई दिल्ली।** टेलीविजन शो 'भाभीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी का किरदार निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री शुभांगी अत्रे कलाकार होने के साथ-साथ डांस टीचर भी हैं। उन्होंने कहा कि डांस उन्हें तनाव और नकारात्मकता दूर करने में मदद करता है। 'इंटरनेशनल डांस डे'पर डांस के प्रति अपने जुनून के बारे में बात करते उन्होंने कहा, 'एक एक्ट्रेस होने के अलावा मैं एक अनुभवी डांसर और ट्रेनर भी हूं। डांस मेरी पहचान का अहम हिस्सा है। यह एक आध्यात्मिक और भक्तिपूर्ण नृत्य शैली है जो हर गतिविधि को गहरे अर्थ से भर देती है। कथक प्रदर्शन के दौरान तबला और सितार जैसे वाद्ययंत्रों के साथ बजाया जाने वाला पारंपरिक संगीत एक अलौकिक माहौल बनाता है जो मेरे भीतर गहराई तक गूंजता है।'



# सपना चौधरी ने ऐसा जमाया रंग कि देखते रह गए फैन्स

**नई दिल्ली ।** सपना चौधरी को कौन नहीं जानता ? तेरी आंख्या का यो काजल पर डांस कर उन्होंने ऐसी पॉपुलैरिटी हासिल की है कि सब यही सोचते हैं कि ये गाना उनका है। जबकि ये गाना डीसी मदाना का है। लेकिन इसे पॉपुलैरिटी दिलाई सपना चौधरी ने। सपना ने अपने प्रोग्राम्स और इवेंट्स में इस गाने पर इतनी बार परफॉर्म किया कि ये गाना उन्हीं का पेटेंट लगता है। डांस के मामले में सपना ने अपना मुकाम बनाने में काफी मेहनत लगती है। कभी सिर्फ लोकल प्रोग्राम करने वालीं सपना आज म्यूजिक वीडियोज करती हैं, बॉलीवुड फिल्म में नजर आ चुकी हैं और यहां तक कि छोटे पर्दे के सबसे कंट्रोवर्शियल शो बिग बॉस का हिस्सा भी बन चुकी हैं।

***फिर दिखा पुराना अंदाज*** : सपना के सोशल मीडिया अकाउंट में एक वीडियो में उनका पुराना अंदाज दिखा। पुराना लुक इसलिए, क्योंकि अब सपना का स्टाइल बदल चुका है। उन्होंने अपने ही गाने 'गोरी वी हलवे हलवे चाल' पर एक वीडियो शेयर किया।



इस फिल्म का पहले रखा गया था नाम 'नफरत के वारिस'

# कयामत से कयामत तक ने पूरे किए शानदार 36 साल

**नई दिल्ली।** कयामत से कयामत तक 1988 में रिलीज हुई, एक ऐसी टाइमलेस बॉलीवुड लव स्टोरी है, जिसने कई पीढ़ियों से दर्शकों के दिलों पर राज किया है। फिल्म के गाने से लेकर कहानी और कलाकार सब पसंद किए गए। यह सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा रोमांटिक फिल्मों में से एक के रूप में अपनी 36वीं वर्षगांठ मना रही है। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान ने बतौर लीड एक्टर फिल्म कयामत से कयामत तक से अपनी शुरुआत की थी। राज के रूप में उन्हें दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों ने खूब पसंद किया था। इतना ही नहीं फिल्म में उनकी जूही चावला के साथ केमिस्ट्री ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा था। फिल्म में दोनों के बीच के रोमांस ने सभी के दिलों को धड़काया था। इस फिल्म ने आमिर खान और जूही चावला को बॉलीवुड में एक मजबूत स्थान दिया था और इस तरह फिल्म ने उन्हें इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में एक आइकॉनिक फिगर्स में से एक बना दिया।



### शानदार थी फिल्म की कहानी

कयामत से कयामत तक फिल्म का पहले नाम 'नफरत के वारिस' रखा गया था। लेकिन फिर इस नाम को बदलकर कयामत से कयामत तक कर दिया गया था। मंसूर खान की इस फिल्म की कहानी न सिर्फ शानदार थी, बल्कि इसके टाइमलेस गाने ने भी लोगों पर गहरी छाप छोड़ी। आनंद-मिलिंद द्वारा कंपोज्ड और मजरूह सुल्तानपुरी द्वारा लिखे गए, यह साउंडट्रैक अपनी इमोशनल गहराई की वजह से दर्शकों के बीच तुरंत हिट हो गए। पापा कहते हैं, अकेले हैं तो क्या गम है और ऐ मेरे हमसफर जैसे सॉन्ग्स आज भी खूब पॉपुलर हैं।

बोरिया बिस्तर समेटने की ला दी थी नौबत

# हिंदी सिनेमा की वो फिल्में जिन्होंने कर दिया डायरेक्टर्स का बंटाधार

*शोबिज में फिल्में हिट होने और फ्लॉप होने का खेल पूरे साल चलता है। यहां तक कि दर्शक भी बॉक्स ऑफिस आंकड़ों के अनुसार फिल्मों को टोटलते हैं। फिल्म इंडस्ट्री का ये बिजनेस तो लोगों को खूब समझ आता है, लेकिन एक फ्लॉप फिल्म कितनों को बर्बाद करती है इस पर ज्यादा बात नहीं होती। इंडस्ट्री में कई ऐसी फिल्में भी हैं जिन्होंने इसे बनाने वाले का बंटाधार कर दिया।*

मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री देश के बड़े बिजनेस हब में शामिल है। फिल्म बनाने से लेकर उसे बेचने तक, रिलीज से पहले कई पड़ाव आते हैं, जिसमें खूब पैसा भी लगता है। जब कोई फिल्म हिट हो जाती है, तो लागत और प्रॉफिट के साथ पैसा लगाने वालों की चांदी हो जाती है। वहीं, अगर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पिट गई, तो प्रोड्यूसर्स का भट्ठा बैठ जाता है। जितनी महंगी फिल्म उतना ज्यादा नुकसान। फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसी फिल्में भी रही हैं, जिन्होंने डायरेक्टर्स का बंटाधार कर दिया। फ्लॉप फिल्म के साथ सिर्फ एक्टर्स ही नहीं, बल्कि फिल्म पिटने के लिए डायरेक्टर्स भी बराबर के जिम्मेदार ठहराए जाते हैं। कई बार तो फिल्ममेकर्स का करियर खत्म होने तक की नौबत आ जाती है।

### जानी दुश्मन

साल 2002 में आई जानी दुश्मन- एक अनोखी कहानी मल्टीस्टारर फिल्म थी। सनी देओल से लेकर अक्षय कुमार तक फिल्म में कई बड़े सितारे थे। जानी दुश्मन में लगभग 22 एक्टर्स शामिल थे। फिल्म का डायरेक्शन राज कोहली ने किया था, जो बॉलीवुड के जाने- माने फिल्ममेकर रहे थे। इस फिल्म को हिट बनाने के लिए कई पैंतरे आजमाए गए, लेकिन जब जानी दुश्मन रिलीज हुई, तो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई। जानी दुश्मन के बाद राज कोहली ने फिर कोई फिल्म डायरेक्ट नहीं की।




### कलंक

आलिया भट्ट, वरुण धवन, माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर समेत कलंक में 6 बड़े स्टार्स शामिल थे। साल 2019 में आई इस फिल्म पर मेकर्स ने खूब पैसा लगाया था। कलंक के महंगे सेट की चर्चा भी हुई थी। करण जौहर ने फिल्म का प्रोडक्शन किया था और अभिषेक वर्मन ने डायरेक्ट किया था। कलंक को लेकर कई दावे किए गए थे, लेकिन जब रिलीज हुई थी फ्लॉप साबित हुई। करण जौहर ने फिल्म को एक धक्के की तरह बताया था। वहीं, अभिषेक वर्मन के करियर को भी कलंक ने नुकसान पहुंचाया, क्योंकि इसके बाद उन्होंने अभी तक कोई फिल्म डायरेक्ट नहीं की है। ये फिल्म वरुण धवन के करियर की पहली फ्लॉप फिल्म बनी। वहीं, आलिया भट्ट के करियर की सबसे बड़ी डिजास्टर फिल्म है। कलंक से पहले अभिषेक वर्मन ने 2 स्टेट्स डायरेक्ट की थी।



### रा-वन

शाह रुख खान और करीना कपूर स्टारर रा-वन एक बड़ी फिल्म थी। साल 2011 में रिलीज हुई इस फिल्म का हाल भी बॉक्स ऑफिस पर बेहाल साबित हुआ। रा-वन का डायरेक्शन अनुभव सिन्हा ने किया था, जो बॉलीवुड में हिट फिल्में देने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन रा-वन ने उनकी भी कमर तोड़ दी। एक इंटरव्यू में अनुभव सिन्हा ने कहा था कि अगर 'मैं कमजोर इंसान होता, तो 2011 में रा-वन की असफलता के बाद खुद की जान ले लेता।'




### आतंक ही आतंक

आमिर खान फिल्म इंडस्ट्री के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाते हैं। फिल्म को लेकर उनकी नजर पारखी है। हालांकि, उनके खाते में भी कई फ्लॉप फिल्में हैं। 1995 में आई आतंक ही आतंक एक गैंगस्टर ड्रामा थी, जो मारियो पूजो की द गॉडफादर से प्रेरित थी। फिल्म में आमिर खान के साथ- साथ रजनीकांत और जूही चावला भी थे। ये वो दौर था, जब तीनों सुपरस्टार बन चुके थे। फिल्म को लेकर खूब हाइप बनी हुई थी, लेकिन रिलीज के बाद का नजारा हैरान करने वाला था।



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने गेहूं चोरी के दो आरोपी किए काबू

**सिरसा।** पुलिस ने अनाजमंडी क्षेत्र से गेहूं चुराने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जेजे कॉलोनी पुलिस चौकी प्रभारी संदीप कुमार पर आधारित पुलिस टीम में महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए घटना के दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रोहित पुत्र सूरजभान निवासी संजय कॉलोनी व संदीप कुमार पुत्र उमेश कुमार निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सिरसा के रूप में हुई है।

### मादक पदार्थ अधिनियम में आरोपी गिरफ्तार

**कालांवाली।** पुलिस ने मादक पदार्थ अधिनियम में तस्करी के एक पुराने मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मक्खन सिंह निवासी तिलोकेवाला के रुप में हुई है। कालांवाली थाना प्रभारी चांद सिंह ने बताया कि बीती 01 जून 2023 को आरोपी गुरप्रीत निवासी देसूमलकाना व गुरमीत सिंह निवासी जगमालवाली से 103 ग्राम हैरोइन मिलने पर गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था।

### कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर बैठक में चर्चा

**सिरसा।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारियों की बैठक हुई। बैठक में डिपो प्रधान सीताराम व कैशियर सतवीर सिंह ने बताया कि डिपो में काफी समय से कार्य नहीं हो रहे जो कर्मचारियों व विभाग के हित में नहीं है। उन्होंने बताया कि डिपो के सभी स्टेशनों के किलोमीटर कम दिए जा रहे हैं व सभी के चलने के टाइम व इन आऊट के टेबल सही नहीं आते हैं। उन्होंने बताया कि एक चालक को दिन में दो से तीन बार बसों को बदलना पड़ता है। यूनियन के कुछ कार्यकर्ता भी समस्याओं को लेकर सक्रिय नहीं है।

### 5 लाख 61 हजार मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**फतेहाबाद।** जिला में अब तक 561427 मीट्रिक टन गेहूं की फसल की आवक हुई है। जिसमें से फूड सप्लाई द्वारा 60230 मीट्रिक टन, हैफेड ने 291127 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 188538 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 21531 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। इसके साथ ही अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में गेहूं फसल का उठान कार्य भी जारी है। जिला में अब 347235 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है। जो खरीद का 61.85 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि जिला में अब तक फूड सप्लाई द्वारा 41111 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया।

### जान से मारने की धमकी देने का आरोपी काबू

**डबवाली।** चौटाला पुलिस चौकी ने अश्लील गालियां देने व जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौटाला चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक जयबीर सिंह ने बताया कि बीती 29 अप्रेल को हनुमान निवासी चौटाला की शिकायत पर आरोपी द्वारा उसको गंदी गालियां दी गई व जान से मारने की धमकी दी गई थी जिस पर केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जिसकी पहचान राजेंद्र निवासी चौटाला के रूप में हुई है।

### 95 लाख रुपये तक का खर्चा कर सकता है एक प्रत्याशी

# चुनाव खर्च पर्यवेक्षक ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

लोकसभा चुनाव को लेकर अलर्ट मोड पर जिला प्रशासन, नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। चुनाव पर्यवेक्षक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेते। फोटो: हरिभूमि

सिरसा लोकसभा क्षेत्र के चुनाव खर्च पर्यवेक्षक विजय सिंह ने कहा कि भारत चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकसभा में एक प्रत्याशी 95 लाख रुपये तक का खर्चा कर सकता है और 10 हजार रुपए की 'यादा राशि का नकद भुगतान नहीं कर सकेगा। विजय सिंह मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. विवेक भारती सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। चुनाव खर्च पर्यवेक्षक विजय सिंह ने कहा कि लोकसभा का चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार 95 लाख रुपये तक ही खर्च कर सकता है। प्रत्याशी को इसके लिए अलग से अपना बैंक खाता खुलवाना है, इस खाते से चुनावी खर्च का लेन-देन किया जाए। इसके अलावा चुनाव खर्च के लिए एक रजिस्टर दिया गया है, जिसमें प्रत्याशी चुनावी खर्च का विवरण दर्ज करेगा।

#### तीन चरणों में होगा खर्च रजिस्टर का निरीक्षण

प्रत्याशियों के खर्च रजिस्टर का निरीक्षण तीन चरणों में किया जाएगा। सभी प्रत्याशी अपने खर्च रजिस्टर का निरीक्षण जरूर करवाएं। भारत चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार सभी राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को अपने चुनावी खर्चे का हिसाब रखना होगा और नियमानुसार खर्च कमेटी के समक्ष खर्चो् का मिलान समय-समय पर करवाना होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव संपन्न होने तक आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी। किसी भी व्यक्ति को आचार संहिता के उल्लंघन करने की इजाजत नही है। आचार संहिता की पालना को लेकर विभिन्न टीमों का गठन किया गया है, इन टीमों द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान अखबार, टेलीविजन व रेडियो की तरह सोशल मीडिया पर भी चुनाव के दौरान प्रचार किया जाता है, जिस पर राशि खर्च होती है। यह खर्च संबंधित प्रत्याशी या पार्टी के खाते में जोड़ा जाता है।

# महेन्द्र सिंह चोपड़ा हुए सेवानिवृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। सेवानिवृत हुए महेन्द्र सिंह चोपड़ा को सम्मानित करते खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी।

खंड शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद कार्यालय में असिस्टेंट सुपरीडेंट के पद पर कार्यरत महेंद्र सिंह चोपड़ा 33 वर्ष की सफल सेवा उपरांत आज सेवानिवृत हुए। उनकी सेवानिवृति पर आज खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा अनेक शिक्षकों ने भी भाग लिया और सेवानिवृत हुए महेन्द्र सिंह चोपड़ा को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह श्योराण ने महेन्द्र सिंह चोपड़ा द्वारा विभाग में दी गई शानदार सेवाओं के लिए उनकी सराहना की औ कहा कि महेन्द्र सिंह चोपड़ा बहुत ही ईमानदार, मेहनती, कर्मठ, समय के पाबंद, मिलनसार,योग्य व अनुभवी हैं। शिक्षक सेवा सिंह मुवाल ने बताया कि महेंद्र सिंह ने बहुत ही निष्ठा व ईमानदारी से कार्य किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य व स्वस्थ जीवन की कामना की।

## खिलाड़ियों की टीम चयन के लिए ट्रॉयल 7 व 8 मई को होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉ. वेद बैनीवाल ने बताया कि बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहन देने के लिए हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अलग-अलग आयु के खिलाड़ियों की टीम चयन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए सिरसा क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा ट्रॉयल की सूचना जारी की है। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी आयु में अंडर 23 व अंडर 19 के हैं उन खिलाड़ियों का ट्रॉयल 7 मई को शाह सतनाम क्रिकेट स्टेडियम सिरसा में प्रातः 7 बजे लिए जाएंगे। खिलाड़ियों को समय का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। अंडर 23 का ट्रॉयल देने आए सभी खिलाड़ियों का जन्म 01 सितंबर 2001 को या उसके बाद का होगा केवल उन्हीं बच्चों का ट्रायल लिया जाएगा। अंडर 19 के खिलाड़ियों का जन्म 01 सितंबर 2005 का या उनके बाद का होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अंडर 16 के खिलाड़ियों का ट्रॉयल 8 मई को शाह सतनाम क्रिकेट स्टेडियम, सिरसा में प्रातः 7 बजे लिए जाएंगे। अंडर 16 का ट्रॉयल देने वाले सभी खिलाड़ियों का जन्म 01 सितंबर 2008 और 01 सितंबर, 2010 के बीच होना चाहिए।

### सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**डबवाली।** जिला पुलिस अधीक्षक सुमेर सिंह ने मंगलवार को विभाग से सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी भूषण कुमार, रामकुमार, रामेशवर व राजेंद्र सिंह को मोबाइल, सूटकेस, लोई, नोटों की माला व पगड़ी पहनाकर उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद भी पुलिस अफसर अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए समाज की बुराइयों को दूर कर सकता है। पुलिस विभाग में रहते हुए अफसरों के अधीन कार्य करना पड़ता है जबकि सेवानिवृत्त होने के बाद स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकता है।

# सर्व कर्मचारी संघ का जिला स्तरीय कन्वेंशन हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। कन्वेंशन को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

सर्व कर्मचारी संघ द्वारा पटवार भवन सिरसा मे जिला स्तरीय कन्वेंशन का आयोजन किया गया। इस कन्वेंशन की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान सोहन सिंह रंधावा ने की। इस दौरान जिला कमेटी में कुछ पदों पर नए पदाधिकारीगण को भी जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसमें प्रेस सचिव अजय पासी, कोषाध्यक्ष वीर सिंह राजेश भाकर जिला उप प्रधान पद मनोनीत किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता के तोर पर रा'य प्रधान धर्मवीर फोगाट ने बताया की चुनाव के दौरान कर्मचारी अपने मत का प्रयोग करते हुए आमजन को चुनाव के दौरान इस लोकतंत्र में भूमिका निभाने को प्रेरित करें। चुनाव ड्यूटी में किसी प्रकार की कर्मचारी वर्ग को समस्याओं का सामना ना करना पड़े इसके लिए चुनाव आयोग पूरी व्यवस्था का ध्यान रखें। इसके लिए सर्व कर्मचारी संघ ने चुनाव आयोग को पत्र भी लिखा है।

कर्मचारी अपने मांग मुद्दों को लेकर हर करवाने के लिए लगातार संगठन के माध्यम से प्रयासरत रहा है। कर्मचारी को पुरानी पेंशन कौशल रोजगार को भग कर स्थाईकरण की पॉलिसी बनवाने , आठवे वेतन आयोग का गठन, खाली पदों पर स्थाई भर्ती सरकारी विभागो के निजीकरण के विरोध सहीत आम जन से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष के मैदान में है । कर्मचारी अपने वोट का सही इस्तेमाल कर लोकतंत्र के पर्व को मनाएगा। इस मौके पर मदनलाल खोथ, महेन्द्र शर्मा, निर्मल सिंह, अशोक पटवारी सीटू नेता विजय ढुकझ, कृपा शंकर, पृथ्वी चाहर, भीम सोनी आदि मौजूद थे।

# शांतिपूर्वक चुनाव कराने को पुलिस संकल्पबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

- पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च


सिरसा। डबवाली के गांवों में फ्लैग मार्च निकालते हुए पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स।

जिला में लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्वक तरीके से करवाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से संकल्पबद्ध है और इसी कड़ी में मंगलवार को पैरामिलिट्री फोर्स ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को इसका संदेश दिया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल व चौटाला पुलिस चौकी प्रभारी जयबीर ने किया। इस फ्लैग मार्च के संदर्भ में पुलिस अधीक्षक डबवाली सुमेर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए डबवाली पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ डबवाली थाना सदर के क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने बारे ही यह फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने आम मतदाताओं को संदेश दिया कि मताधिकार उनका अधिकार है इसलिए वे अपने मत का निडर होकर प्रयोग जरूर करें। यह फ्लैग मार्च गांव तेजाखेड़ा से गांव लोहगढ़,जोतांवाली, गोविंदगढ़, हैबुआना, मांगेआना, पाना, पन्नीवाला रुलदु से गांव मटदादू तक ग्रामीण क्षेत्र में निकाला गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस फ्लैग मार्च द्वारा आमजन के मन में सुरक्षा व भाईचारे की भावना को बनाए रखना है।

वहीं चुनाव को प्रभावित करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का भी संदेश दिया गया है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अगर आपको कहीं पर भी अवैध नशीला पदार्थ बिकता हुआ दिखाई दे या आपको इस बारे में कोई भी जानकारी हो तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें और लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से स्वपन करवाने में डबवाली पुलिस का सहयोग करें। इस दौरान पैरामिलिट्री फोर्स व पुलिस के अनेक जवान मौजूद थे।

# रेणु औजला ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा


छात्रा रेणु औजला

सनराइज पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल शक्कर मंदोरी ने हमेशा की तरह इस वर्ष भी हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 12 वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखते हुए उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिया है। कक्षा बाहरवीं की छात्रा रेणु औजला पुत्री रोहताश औजला गाँव शक्कर मंदोरी ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ब्लॉक स्तर पर प्रथम प्राप्त किया, वहीं नैना सहारण पुत्री दर्शन सिंह ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा व ब्लॉक स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया व पूजा पुनिया पुत्री जयनारायण ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया इसके साथ क्रमशः चौथा स्थान अनुपमा सहारण 94 प्रतिशत , पांचवा स्थान पायल भांभू 93.6 प्रतिशत , छठा स्थान अंकुश बिशनोई 91.8 ने प्राप्त किया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अशोक सिहाग ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

# अज्ञात युवकों ने सिसाय काली रावण में युवक को मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

- हिसार के निजी अस्पताल में उपचाराधीन है घायल युवक
- गंभीर हालत के चलते युवक के नहीं हो सके बयान

निकटवर्ती गांव सिसाय कालीरामण में देर रात अज्ञात युवकों ने एक युवक को गोली मार दी। युवक की पहचान सिसाय निवासी 25 वर्षीय रमन के रूप में हुई है, युवकों द्वारा चलाई गई गोली सचिन के पेट में लगने के चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को परिजन उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हिसार रेफर कर दिया। लेकिन परिजनों ने उसे उपचार के लिए उसे हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं सूचना मिलने पर सदर पुलिस ने निजी अस्पताल पहुंच घायल युवक के बयान दर्ज करने का प्रयास किया परन्तु चिकित्सकों द्वारा उसकी गंभीर हालत के चलते बयान देने के लिए अनफिट बताया है। सदर थाना प्रभारी मनदीप चहल ने बताया कि रविवार देर रात सूचना मिली थी सिसाय गांव में कुछ युवकों ने एक युवक पर गोली चला दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर जाकर देखा तो पता चला कि अज्ञात युवकों ने रमन पर फायर किया और उसके पेट में गोली लगी थी। परिजन वाहन का प्रबंध करके रमन को इलाज के लिए नागरिक अस्पताल ले कर गए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना स्थल से गोली का खोल तथा अन्य सबूत जुटाए। सदर थाना के एसएचओ मनदीप चहल ने बताया कि रमन अभी तक बयान देने की हालत में नहीं है इसलिए उसके द्वारा दिए बयान के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।


सिरसा। उपनिदेशक डॉ. विद्यासागर बंसल को सेवानिवृति पर सम्मानित करते कर्मचारी।

## उपनिदेशक डॉ. विद्यासागर बंसल सेवानिवृत्त

**सिरसा।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के जिला उपनिदेशक डॉ. विद्यासागर बंसल मंगलवार को अपने पद से सेवानिवृत्त हो गए। डॉ. बंसल ने 18 वर्ष 8 माह के अपने कार्यकाल में हमेशा विभागीय कायारें को सवारेच्च प्राथमिकता दी और बेदाग छवि के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया। इस उपलक्ष्य में मंगलवार को राजकीय वेटनरी पोलीक्लिनिक, कंगनपुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सकों एवं स्टाफ सदस्यों ने उन्हें माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर डॉ. कुलभूषण, डॉ. विशाल, डॉ. बृजलाल, डॉ. मदन, डॉ. शिव किशोर बिश्नोई, राकेश वीएलडीए, रवि वीलएडीए, अजय, प्रियंका, सुरेंद्र, प्रवीण व राजेश मौजूद थे।

# देविवि में एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के इतिहास व पुरातत्व विभाग में एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के प्रोफेसर जयवीर सिंह धनखड़ ने अपने व्याख्यान में कुछ बिंदुओं पर अपने विचार विद्यार्थियों से सांझा किए। उन्होंने कहा कि हमें वापस प्रकृति की तरफ जाना चाहिए और उनसे विद्यार्थियों को सीखना चाहिए। सभी विषय का ज्ञान विद्यार्थी को होना चाहिए। विद्यार्थियों को दर्शनशास्त्र का ज्ञान भी होना चाहिए। इसके साथ-साथ समसामयिक घटनाओं के प्रति जागरूक रहना अति आवशयक है। भाषा और शब्द नियोजन पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए। विद्यार्थी जीवन में विद्यार्थी को कक्षा नियमित तौर पर लगानी चाहिए। इसी से स्तर विकसित होगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए विरासत छोड़ के जाएंगे। जिससे विश्वविद्यालय और शिक्षण संस्थान हर सामाजिक वर्ग के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्हें निशुल्क शिक्षा मिलती रहें।

इतिहास व पुरातत्व विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मोनिका वर्मा ने इतिहास विषय को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इतिहास से हमें हमारी सभ्यता और संस्कृति का पता लगता है और वो मानव समाज को आधुनिकता से जोड़ती है। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के इतिहास व पुरातत्व विभाग में ऐसे व्याखान आयोजित होते रहे हैं।

### सीडीएलयू के छात्र यश का नौकरी के लिए चयन

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के द्वारा विद्यार्थियों के लिए 18 अप्रैल 2024 को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विभाग के अध्यक्ष प्रो. हरीश रोहिल ने बताया कि मोहाली की कोड कोशंट कंपनी के द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान करने के लिए कैंपस साक्षात्कार हुआ था जिसमें 24 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। आज इन साक्षात्कार का परिणाम आया है जिसमें विभाग के छात्र यश सुखीजा का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि इस ड्राइव का आयोजन विभाग के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर गोपाल शर्मा के द्वारा किया गया। कुलपति प्रोफेसर अजमेर सिंह मलिक और कुलसचिव डॉ राजेश कुमार बंसल का आभार जताया व विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### भागवत कथा का श्रवण करने मात्र से हो जाता है बेड़ा पार

# सत्संग मानव निर्माण का कारखाना: शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। श्रीमद भागवत कथा वाचन करते स्वामी दिनेशानंद शास्त्री व श्रीमद भागवत की आरती करते हुए।

सत्संग मानव निर्माण का कारखाना है। आज का मानव संयमहीन, नशेड़ी, दुराचारी होने के कारण दानव बन गया है। दुराचारी होने से मानव पशुस्तर का हो गया है और इसका मुख्य कारण कुसंगति है। उक्त विचार ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर योगाचार्य स्वामी भगवान देव परमहंस के शिष्य स्वामी दिनेशानंद शास्त्री ने श्री मद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को जनता भवन स्थित राम भवन परिसर में अखिल भारतीय धर्मसभा के तत्वाधान में आयोजित श्री मद् भागवत कथा पर प्रवचन करते हुए कहे। स्वामी जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सर्वप्रथम भगवान विष्णु ने ब्रह्मा जी को, ब्रह्मा जी ने नारद जी को और नारद जी ने षि व्यास को सुनाते हुए कहा कि श्रीमद भागवत कथा ऐसी कथा है जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के पावन चरित्र का, लीलाओं का विस्तार से वर्णन है जो मनुष्य को भक्ति के मार्ग पर ले जाकर भगवान से मिलवाने का काम करती है। स्वामी जी ने देव षि नारद के पुर्नजन्म प्रसंग पर बोलते हुए कहा कि मानव वह है कि जिसमें मानवोचित गुण हो, जीवन मुल्य हो और मानवता हो, लेकिन जिस मानव में सद्गुण नहीं, नैतिक मुल्य नहीं केवल खाना, पीना, भोग भोगना और निद्रा लेने तक सीमित रहना, वह मानव नहीं दरिंदा है। स्वामी ने कहा कि जीवन के चार सूत्र है। कथा श्रवण, कीर्तन, तपस्या और परमात्मा का सिमरन करना है। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य परमात्मा का सिमरन करता है तो उसका लोक और परलोक दोनों संवर जाते हैं। स्वामी जी ने फरमाया कि मानव धर्म, सद्विचार, शुद्धाच्चारण धारण करके ही सच्चा नर बनता है। पतित से पतित मानव भी जब धर्मी महापुरूषों और संतों के शरण में आता है तब उनके प्रभाव से मानव का जीवन बदलने लगता है। उसमें सद्गुण आने लगते हैं और वह प्रभु की तरफ मुड़ता है। मानव में भक्ति की भावना जागृत होने लगती है, जिसके कारण वह परमार्थ का कार्य करने लगता है और देखते ही देखते वह आलादर्जा का इंसान बन जाता है।

## खबर संक्षेप

### घर के बाहर खड़े थ्री व्हीलर में लगाई आग

**फतेहाबाद।** अज्ञात युवकों ने टोहाना के गांव सिम्बलवाला में घर के बाहर खड़े एक थ्री व्हीलर में आग लगा दी। थ्री व्हीलर में आग से मोहल्ले में हडकंप मच गया और लोगों ने स्वयं मशक्कत कर आग पर काबू पाया। थ्री व्हीलर के मालिक ने तीन अज्ञात युवकों पर उसे थ्री व्हीलर में आग लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। टोहाना पुलिस को दी शिकायत में गांव सिम्बलवाला निवासी पिरथी सिंह ने कहा है कि उसके पास एक थ्री व्हीलर है।

### भाजपा कार्यालयों का उद्घाटन आज

**फतेहाबाद।** सिरसा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार डॉ. अशोक तंवर के फतेहाबाद व रतिया में खोले गए चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन 1 मई बुधवार को होगा। यह जानकारी देते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश राय शर्मा ने बताया कि 1 मई बुधवार को सुबह 9 बजे लोकसभा चुनाव कार्यालय रतिया का उद्घाटन अशोक तंवर, प्रत्याशी भाजपा सिरसा लोक सभा, भाजपा जिला अध्यक्ष बलदेव ग्रोहा व रतिया विधायक लक्ष्मण नापा द्वारा किया जाएगा। रतिया में भाजपा कार्यालय नजदीक पुराना मोदी पंप रतिया के पास खोला गया है।

### औम निवास स्कूल की छात्रा को गोल्ड मेडल

**फतेहाबाद।** औम निवास स्कूल की छात्रा चाहत सुपुत्री पवन कुमार ने चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय द्वारा घोषित एमए (अंग्रेजी) में टॉप करके गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपने स्कूल व माता पिता का नाम रोशन किया। छात्रा की इस शानदार उपलब्धि पर कुलपति, कुलसचिव व प्राचार्य द्वारा गोल्ड मेडल देकर विशेष सम्मान दिया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य, स्कूल मैनेजमेंट व स्कूल स्टाफ की ओर से छात्रा को बधाई दी गई व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### ऑनलाइन लैपटाप मंगाने के नाम हजारों की ठगी

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन लैपटाप मंगाने के नाम पर एक सरकारी अध्यापक साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठग ने क्यूआर कोड के जरिए टीचर से 50 हजार रुपये ठग लिए। अब पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बनमंदौरी निवासी देवीलाल ने कहा है कि वह गांव पीलीमंदौरी के सरकारी स्कूल में अध्यापक है। 29 मार्च को वह फेसबुक चला रहा था और उसे लैपटॉप की आवश्यकता थी। उसने फेसबुक पर लैपटॉप की एड देखी जिसमें लैपटॉप बिकाऊ होने बारे लिखा था। जब उसने वहां दिए गए नंबर पर बात की तो उसने अपना नाम विकास पटेल बताया।

### 5 लाख 61 हजार मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**फतेहाबाद।** जिला में अब तक 561427 मीट्रिक टन गेहूं की फसल की आवक हुई है। जिसमें से फूड सप्लाई द्वारा 60230 मीट्रिक टन, हैफेड ने 291127 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 188538 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 21531 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। इसके साथ ही अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में गेहूं फसल का उठान कार्य भी जारी है। जिला में अब 347235 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है। जो खरीद का 61.85 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि जिला में अब तक फूड सप्लाई द्वारा 41111 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया।

### जान से मारने की धमकी देने का आरोपी काबू

**डबवाली।** चौटाला पुलिस चौकी ने अश्लील गालियां देने व जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौटाला चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक जयबीर सिंह ने बताया कि बीती 29 अप्रेल को हनुमान निवासी चौटाला की शिकायत पर आरोपी द्वारा उसको गंदी गालियां दी गई व जान से मारने की धमकी दी गई थी जिस पर केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जिसकी पहचान राजेंद्र निवासी चौटाला के रूप में हुई है।

### लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के आदेश दिए

# पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को बैठक में दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**समय-समय पर सभी पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों के कामकाज की समय-समय समीक्षा की जाएगी किसी भी प्रकार की न करें लापरवाही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। एसपी थाना के जांच प्रभारियों की बैठक लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने मंगलवार को पुलिस जिला सिरसा के सभी थानों के जांच अधिकारियों की बैठक लेकर उनके कार्यों की समीक्षा कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उनके पास फरियाद लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गंभीरता से सुनवाई करें तथा उन्हें शीघ्र न्याय दिलाने का प्रयास करें। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न लंबित मामलों को शीघ्र निपटाएं तथा जिन मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी बकाया है, महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करें। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले पीड़ित व्यक्ति के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उसकी बात को गंभीरता से सुनें तथा तत्काल कार्रवाई करें ताकि पीड़ित व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस करे तथा समाज में पुलिस की एक बेहतर छवि नजर आए। उन्होंने सभी थानों के जांच अधिकारियों से कहा कि आमजन के सहयोग से महत्वपूर्ण सुराग प्राप्त कर अनसुलझे मामलों को शीघ्र सुलझाएं। विभिन्न अदालतों में चल रहे मुकदमों की बेहतर ढंग से पैरवी करें ताकि गुनाह करने वाला व्यक्ति साक्ष्यों के अभाव में किसी भी सूरत में सजा से बचने न पाए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर सभी पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों के कामकाज की समय-समय समीक्षा की जाएगी तथा काम में लापरवाही व कोताही किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीप्ति गर्ग तथा जिला के सभी थाना एवं विभिन्न सेल के प्रभारी उपस्थित रहे।

### जिला पुलिस से सेवानिवृत हुए 14 पुलिस कर्मचारी

**सिरसा।** जिला पुलिस से सेवानिवृत हुए पुलिस कर्मियों ने अपने जीवन के बहुमूल्य वर्ष पुलिस विभाग में बिताकर समाजसेवा का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। पुलिस की नौकरी जनसेवा का बेहतरीन माध्यम है। यह बात डीएसपी सुभाष चंद्र ने जिला पुलिस से मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए 14 पुलिस कर्मियों के सम्मान में पुलिस लाइन के प्रशासनिक भवन में आयोजित भव्य विदाई समारोह में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कही। डीएसपी सुभाष चंद्र ने सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों से आह्वान किया कि जिस तरह उन्होंने पुलिस विभाग में सराहनीय कार्य किया है, उसी तरह आगे के सामाजिक जीवन में भी अपने आप को क्रियाशील रखें और समाजहित के कायारें में बढ़ चढ़ कर भाग लें। उन्होंने कहा की पुलिस की नौकरी के दौरान अक्सर पुलिस कर्मी घर से दूर रहते हैं और विभिन्न परिस्थितियों में नौकरी करने का अवसर मिलता है और अपने परिवार को कम समय दे पाते हैं। डीएसपी ने कहा कि पुलिस कर्मी की जहां भी ड्यूटी लगे वहां पर अपनी बेहतरीन उपस्थिति दर्ज करवा कर सराहनीय कार्य कर पुलिस विभाग की छवि के लिए काम करना चाहिए ताकि लंबे समय तक उक्त पुलिस अधिकारी व कर्मचारी की कार्यप्रणाली को लोग याद रखें। इस अवसर पर जिला पुलिस से सेवानिवृत्त हुए इंस्पेक्टर जगमहेंद्र, सुंदरपाल रहे।

# प्रेम विवाह करने वाले युवक के घर में आगजनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना



- जिला परिषद सदस्य गगन गोदारा सहित 30 लोगों पर एफआईआर
- पीड़ित ने युवती की स्वेच्छा से किया था प्रेम विवाह

गांव जाण्डली खुर्द में लव मैरिज करने वाले युवक के घर में आगजनी मामले में पुलिस ने जिला परिषद सदस्य गगन गोदारा सहित 30 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस शिकायत में जांडलीखुर्द निवासी जय किशन कुम्हार ने बताया कि उसके बालिग लड़के अनिल कुमार व रीतू ने अपनी स्वेच्छा से कुछ दिन पहले प्रेम विवाह कर लिया था और दोनों पति-पत्नी के रूप में उनसे दूर रह रहे हैं, लेकिन रीतू के परिवार वाले खुश नहीं थे, इसलिए लगातार हमारे परिवार को जान व माल का नुकसान पहुंचाने की धमकियां देने लग गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि धमकियों से वह बुरी तरह डर गया और गांव को छोड़कर परिवार सहित अपनी रिश्तेदारी में चला गया था। 29 मार्च को जब वह अपने परिवार के साथ अपने घर जांडलीखुर्द में घरेलू सामान लेने के लिए आया तो लड़की रीतू के चाचा काला व उसकी पत्नी सुमन तथा करीब 30 लोगों ने हमारे ऊपर हमला बोल दिया। उसकी पत्नी कृष्णा, उसके बेटे रोहताश तथा पुत्रवधू सीमा देवी के साथ मारपीट की थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बचा लिया था। इस पर पुलिस ने सीमा देवी की शिकायत पर 29 मार्च को 14 नामित व 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में 8 लोग गिरफ्तार हो चुकी है। जयकिशन ने कहा कि 29 अप्रैल को जांडलीखुर्द में उनके पड़ोसी ने फोन करके सूचना दी कि उसके घर से धुआं निकल रहा है लेकिन लड़की पक्ष के लोगों के डर के चलते वह घर नहीं आए और अपने दूसरे परिवार के सदस्यों को मौके पर भेजा। उन्होंने घर में जाकर देखा तो कमरे में रखे हुए सामान में आग लगी थी और सामान जलकर राख हो चुका था। दो बोरी बीड़ी के मंडलों की व 20 लीटर सरसों तेल व अन्य सामान गायब था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके घर में आग व चोरी की वारदात जिला परिषद सदस्य गगन गोदारा की शह पर की गई है।

### मेरा कोई कसूर नहीं समझौते का किया था प्रयास : गगन गोदारा

जिला परिषद फतेहाबाद के सदस्य एवं जांडलीखुर्द निवासी गगन गोदारा ने बताया कि उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है। अनिल कुमार द्वारा गांव की लड़की के साथ प्रेम विवाह किए जाने पर उत्पन्न हुए विवाद को लेकर उसने तो समझौता करवाने के प्रयास किए गए थे। चोरी व आगजनी की घटना में उसका कोई हाथ नहीं है।

# डॉ. ढींडसा ने किया एडमिशन सैल का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। एडमिशन सैल का शुभारंभ करते डॉ. कुलदीप ढींडसा।

जेसीडी विद्यापीठ सिरसा ने केंद्रीकृत एडमिशन सैल के उद्घाटन के साथ अपनी प्रवेश प्रक्रिया की दक्षता और पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर उनके साथ जेसीडी विद्यापीठ के सभी कॉलेज के प्राचार्यगण उपस्थित रहे। डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने छात्रों के लिए एक सहज प्रवेश अनुभव प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में केंद्रीकृत प्रवेश सेल के लिए अपना दृष्टिकोण व्यक्त किया जो प्रवेश यात्रा के दौरान व्यापक जानकारी और सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इस सेंट्रलाइ'ड प्रवेश सेल का उद्देश्य प्रवेश प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है जिससे छात्रों को उनके सभी प्रवेश-संबंधित प्रश्नों और प्रक्रियाओं के लिए एक केंद्रीकृत मंच प्रदान किया जा सके। इस पहल के साथ, जेसीडी विद्यापीठ सभी संभावित छात्रों के लिए पारदर्शिता, दक्षता और पहुंच सुनिश्चित करते हुए प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाना चाहता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीकृत प्रवेश कक्ष की स्थापना शिक्षा और छात्र-केंद्रित सेवाओं में उत्कृष्टता के प्रति जेसीडी विद्यापीठ की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रवेश को केंद्रीकृत करके संस्थान का लक्ष्य सभी छात्रों के लिए एक सहायक और सुलभ वातावरण को बढ़ावा देते हुए अकादमिक उत्कृष्टता के लिए अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखना है।

# शानदार आभूषणों से सजा तनिष्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



- तनिष्क की पेशकश ग्लैमडेज रोजाना पहनने के आधुनिक आभूषणों की रेंज सिरसा स्टोर पर उपलब्ध,ग्लैमडेज को दुनिया भर के डिजाइन्स से प्रेरित होकर बनाया गया है

अक्षय तृतीया का पवित्र त्यौहार नजदीक आ रहा है। इस अवसर पर भारत के सबसे बड़े ज्वैलरी रिटेल ब्रांड टाटा समूह के तनिष्क ने रोजाना पहनने के आधुनिक आभूषणों की शानदार और बहु उपयोगी रेंज ग्लैमडेज प्रस्तुत की है। ग्लैमडेज को दुनिया भर के डिजाइन्स से प्रेरित होकर बनाया गया है।

शान और आधुनिक फैशन की खूबसूरती को साथ मिलाकर बनाए गए ग्लैमडेज के आभूषण महिलाओं की रोजाना स्टाइल को और भी बढ़ाएंगे और उनके वार्डरोब में एक बहुमूल्य एडिशन बनेंगे। अपनी इस नई श्रेणी के साथ तनिष्क के सिरसा में डबवाली रोड़ पर टाऊन पार्क के सामने स्टोर में भी इस स्टाइलिंग सेशन्स का आयोजन किया है। उपभोक्ताओं की व्यक्तिगत स्टाइल और व्यक्तित्व के अनुरूप सबसे बेहतरीन, रोजाना पहनने के आभूषण चुन पाने में उपभोक्ताओं की मदद के लिए विशेषज्ञों की सलाह और मार्गदर्शन के साथ वैयक्तिकृत अनुभव उपभोक्ताओं को प्रदान करने के लिए इन स्टाइलिंग सेशंस को डिजाइन किया गया है। इसमें 10000 से ज्यादा अनोखे डिजाइंस को शामिल किया गया है। हर दिन एक शानदार नया लुक बनाकर आप और आपके आभूषण मेकअवरीडेस्पार्कल कर सकते हैं।

### दमकौरा से एक व्यक्ति लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले के गांव दमकौरा से एक व्यक्ति के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव दमकौरा निवासी एक राजीव ने कहा है कि उसके 45 वर्षीय पिता गत दिवस सुबह किसी काम से दमकौरा से टोहाना जाने की बात कहकर गए थे और उसके बाद देर शाम तक घर वापस नहीं लौटे। इस पर उन्होंने उनकी काफी जगह तलाश की लेकिन अभी तक उनका कहीं कुछ पता नहीं चला है। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। राजीव ने बताया कि उसके पिता के पास 3 हजार रुपये और खुद के कुछ जरूरी कागजात भी थे। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लापता व्यक्ति की तलाश शुरू कर

# पीटीआई मास्टर नारायण फौजी हुए सेवानिवृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद




फतेहाबाद। शिक्षा विभाग के पीटीआई मास्टर नारायण फौजी की सेवानिवृति पर पर सम्मानित करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

शिक्षा विभाग में कार्यरत पीटीआई मास्टर नारायण फौजी के सेवानिवृति पर उनका तथा सर्वश्रेष्ठ माता पुरस्कार से सम्मानित मेवा देवी का क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। उनकी सेवानिवृति के सम्मान में करनौली राजकीय हाई स्कूल व गांव खैराती खेड़ा के गुर्जर धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षा विभाग व अन्य विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के मुख्याध्यापक शिव कुमार यादव, निरीक्षक दिवान सिंह, डीआईपीआरओ आत्मा राम कसाना, पूर्व सरपंच घीसा राम चावड़ा, राजेश मणकस, पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी जगदीश खटाणा, साधु राम खटाणा, जगबीर बड़सी, साधु, हरपाल आदि वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृति सरकारी सेवा का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का कर्त्तव्य बनता है कि वह समाज व राष्ट्र के नव निर्माण में अह्म भूमिका निभाए। इसी कड़ी में मास्टर नारायण फौजी भी कार्य करेंगे। उल्लेखनीय है कि 23 मार्च, 1986 को मास्टर नारायण फौजी का भारतीय थल सेना में सिपाही के पद पर चयन हुआ। उन्होंने पूरी निष्ठा, ईमानदारी तथा संर्पणभाव से लगभग 18 साल की उत्कृष्ठ सेवा उपरांत सेना से हलवदार के पद से सेवानिवृत हुए। इसके बाद 27 सितंबर, 2004 को राजकीय उच्च विद्यालय मानावाली में पीटीआई के पद पर अपनी सेवाएं शुरू की। उन्होंने मानावाली के बाद सरवरपुर व करनौली में अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर मुख्याध्यापक शिव कुमार यादव, कैप्टन उमेद सिंह, सुरेश कुमार, सुभाष चंद, मदन लाल, सोमा, मिनाक्षी, प्रदीप, धर्मपाल, प्रीतम, राजेश रहे।

# एसआई सर्वजीत को सेवानिवृति पर दी विदाई



फतेहाबाद। थाना सदर रतिया में एसआई सर्वजीत सिंह को विदाई देते पुलिस कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- सदर थाना रतिया परिवार ने उन्हे दी भावभीन विदाई

पुलिस विभाग में वषारें तक अपनी बेहतरीन सेवाएं देने के उपरांत मंगलवार को थाना सदर रतिया मे तैनात एसआई सर्वजीत आज पुलिस विभाग से सेवानिवृत हुए। थाना सदर रतिया पुलिस परिवार ने इन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की गई। थाना सदर रतिया में आयोजित विदाई समारोह में एसआई सर्वजीत द्वारा दी गई सेवाओं की सराहना करते हुए थाना सदर रतिया प्रबंधक एसआई औमप्रकाश सहित सभी पुलिस कर्मचारियों ने कहा कि पुलिस विभाग में नौकरी के दौरान समय-समय पर विषम परिस्थितियां आती रहती हैं, जिनसे निपटते हुए विभाग को लंबी सेवा देने के बाद सेवानिवृत होना एक गौरव की बात है। थाना प्रबंधक औमप्रकाश ने कहा कि सेवानिवृत उपरांत आगामी जीवन में अपने सामाजिक दायित्व को निभाने और पुलिस विभाग का सहयोग जारी रखने की भी अपील की। एसआई सर्वजीत पुलिस विभाग में 8 दिसम्बर 1988 को बतौर सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे और प्रदेश के हिसार, जींद, फतेहाबाद सहित विभिन्न जिलों मे मानव भलाई के लिए उसने 36 साल सेवाएं दी। एसआई सर्वजीत को उसके अच्छे कायारें के लिए जिला स्तर पर 2 बार जबकि अन्य उत्कृष्ट सेवा के लिए उन्हें पुलिस विभाग द्वारा 35 से अधिक बार सम्मानित किया जा चुका है।

### स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सीएम का जताया आभार

# एनएचएम कर्मचारियों का बकाया डीए जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। विपिन शर्मा।

नेशनल हैल्थ मिशन के कर्मचारियों का पिछले एक साल से रूका डीए प्रदेश सरकार द्वारा जारी कर दिया गया है। डीए जारी होने की सूचना मिलते ही एनएचएम कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। भारतीय मजदूर संघ से सम्बंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विपिन शर्मा ने बताया कि प्रदेश के एनएचएम कर्मचारियों का डीए पिछले एक साल से रूका हुआ था। डीए न मिलने के कारण एनएचएम कर्मचारियों में काफी रोष था और उन्हें अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कर्मचारियों की इस समस्या को उठाते हुए स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री पवन कुमार के नेतृत्व में 22 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला था और डीए सहित कर्मचारियों की अन्य लंबित मांगों को पूरा करने बारे ज्ञापन सौंपा था। कर्मचारियों की मांग को पूरा करते हुए विभाग द्वारा एनएचएम कर्मचारियों के एक साल के बकाया पड़े डीए के भुगतान को लेकर पत्र जारी कर दिया, जिससे एनएचएम कर्मचारियों में खुशी की लहर है। विपिन शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने डीए जारी कर कर्मचारी हित में फैसला लिया है, जिसके लिए वे सीएम नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि साथ ही एनएचएम कर्मचारियों की अन्य लंबित मांगों जैसे सातवां वेतन आयोग का लाभ, वेतन विसंगतियां दूर करने, सेवा सुरक्षा देने व नियमितिकरण योजना में शामिल करने की भी मांग को सीएम के समक्ष उठाया है, उन्हें उम्मीद है कि सरकार कर्मचारियों की इन मांगों को भी पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा एमएचएम कर्मचारियों के हितों व समस्याओं के समाधान को लेकर लंबे समय से कार्य कर रहा है। इसके परिणामस्वरूप ही हर विपरीत परिस्थितियों में भी कर्मचारी वर्ग को उनके हक दिलवाए गए हैं।

### घर में सेंध लगाकर आभूषण व नकदी चुराई

**सिरसा।** जिला के गांव अरनियावाली के समीप स्थित गुरुकुल कॉलोनी में चोर एक बंद पड़े मकान से सोने के आभूषण व नकदी चुराकर ले गए। मकान मालिक ने इस बारे में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में मनजीत सिंह पुत्र हरनेक सिंह ने बताया कि गत दिवस वह परिवार सहित डेरा सच्चा सौदा में आयोजित सत्संग में गया था। पीछे से चोर घर का ताला तोड़ कर सोने-चांदी के आभूषण व करीब 70 हजार रुपए की नकदी चुराकर ले गए। चोरी का पता उन्हें तब लगा जब वे शाम को सत्संग से घर पहुंचे। घर जाकर देखा तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था घर के अंदर कमरों में सारा सामान बिखरा पड़ा था। अंदर जाकर सामान संभाला तो एक कमरे में रखी 20 हजार की नकदी व दूसरे कमरे में रखी 50 हजार की गकदी गायब थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005